दिनांक-1फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

बाजार में सड़क बाधा करने व गंदगी फैलाने वालों पर उड़नदस्ता ने लगाया जुर्माना , एक्सपायरी पेय पदार्थ जप्त करते हुए 7000 रुपए वसूला अर्थदंड

भिलाईनगर/ नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने चूड़ी लाइन सुपेला, हार्डवेयर लाइन, वैशालीनगर वार्ड 14, इंदिरा चौक वार्ड 11, आकाशगंगा वार्ड 06, नेहरू चौक केम्प-1, केम्प-2 वार्ड 22 सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक , डिस्पोजल, अनुज्ञप्ति लाइसेंस तथा सड़क बाधा कर व्यवसाय करने वालों का निरीक्षण कर कार्यवाही करते हुए 22,000 रूपए अर्थदण्ड की वसूली की! उड़नदस्ता की टीम ने निगम क्षेत्र का सघन दौरा कर बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले से जुर्माना लेते हुए एक्सपायरी खाद्य पदार्थ का विक्रय करते पाए जाने पर कार्यवाही की। नगर पालिक निगम , भिलाई की उड़नदस्ता टीम ने चूड़ी लाइन सुपेला , हार्डवेयर लाइन, वैशालीनगर, इंदिरा चौक, आकाशगंगा, नेहरू चौक के अंतर्गत उड़नदस्ता की टीम ने किराना दुकान, बाजार, होटल, पान ठेला व नास्ता सेंटर द्वारा सड़क बाधा करने, सामान बढ़ाकर व्यवसाय करने तथा बाजार में गंदगी फैलाने वालों का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की!

जनसम्पर्क अधिकारी